दैनिक जागरण

Thursday, February 27, 2020

आइआइएम जम्मू का इडीआइआइ से करार

जागरण संवाददाता, जम्मू : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम), जम्मू के निदेशक डॉ. बीएस सहाय और भारत उद्यमिता विकास संस्थान (इडीआइआइ) अहमदाबाद के निदेशक ने डॉ. सुनील शुक्ला ने बुधवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर निदेशक जेएंडके इडीआइआइ डॉ. जीएम डार, लेफ्टिनेंट कर्नल मदनलाल विशेष रूप से मौजूद रहे। आइआइएम जम्मू की स्थापना 2016 में आइआइएम परिवार के 20वें संस्थान के तौर पर हुई थी। संस्थान जम्मू परिसर से डॉक्टरेट कार्यक्रम, एमबीए कार्यक्रम और कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करता है। वहीं, इडीआइआइ एक स्वायत्त और नॉट-फॉर-प्रॉफिट इंस्टीट्यूट है, जो 1983 में स्थापित किया गया था। आइआइएम जम्मू के निदेशक बीएस सहाय ने कहा कि यह समझौता छात्रों के बीच उद्यमशीलता की मानसिकता को विकसित करने में मददगार होगा। निदेशक जेएंडके ईडीआइआइ डॉ. जीएम डार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उद्यमियों का काम बहुत महत्वपूर्ण है। यह कैरियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण व्यवसायों में से एक है। ईडीआइआइ के निदेशक डा. सुनील शुक्ला ने व्यावसायिक स्कूलों से अधिक उद्यमियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

आइआइएम जम्मू के डायरेक्टर डॉ. वीएस सहाय (बाएं) और उद्यमी विकास संस्थान भारत, अहमदाबाद के डायरेक्टर डॉ. सुनील शुक्ला एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद सहमति पत्र दिखाते हुए • पीआरओ

The Tribune
VOICE OF THE PEOPLE

IIM Jammu, EDII signed MoU

Posted at: Friday, 28 February 2020

The Indian Institute of Management (IIM), Jammu, and the Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad, signed a memorandum of understanding (MoU) at the IIM, Jammu campus, in the presence of Dr Sunil Shukla, Director, EDII, Dr BS Sahay, Director, IIM, Jammu, and Dr GM Dar, Director, J&K EDII. The objective of this MoU was to provide knowledge and support to the students and develop ecosystem to support budding start-ups.